दैनिक जागरण 21/12/2022

# साहिबजादों की याद में गूंजा शबद कीर्तन

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला कैंट में पंजाबी और संगीत विभाग द्वारा वीर बाल दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह की लसानी शहादत को याद कर शबद कीर्तन किया गया। विद्यार्थियों ने कविता उच्चारण, कथा वार्ता, बानी चर्चा में भाग लिया। संगीत विभाग के प्रवकता डा. मनजीत कौर ने विद्यार्थियों को शहादत की जानकारी दी। (जासं)



शबद कीर्तन में मौजूद कालेज स्टाफ व विद्यार्थी। • विज्ञप्ति